
सतपाल महाराज योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएमन ने श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जन क्रांति के नायक अमर शहीद श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर जारी अपने संदेश में कहा कि श्रीदेव सुमन ने अपने समय की कठिन परिस्थितियों में लोकशाही के लिए संघर्ष किया तथा अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि स्व. श्रीदेव सुमन ने जिस प्रकार जनक्रांति का नेतृत्व किया वह हम सभी के लिए प्रेरणास्पद है।

### सफाई कर्मियों को ठेका प्रथा से मुक्ति दिला संविदा कर्मी बनाएः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं नगर निगमों के साथ–साथ प्रदेश के अन्य विभागों यथा अस्पताल,मेडिकल कॉलेज, शिक्षण संस्थानों आदि में वर्षों से कार्य कर रहे सफाई कर्मियों (पर्यावरण मित्र) में से अधिकांश ठेका प्रथा, दैनिक वेतन, मोहल्ला स्वच्छता समिति आदि के माध्यम से कार्य कर रहे हैं, जिनको बामुश्किल 5–7 हजार में गुजर बसर करनी पड़ती है।

### मुफ्त बिजली गांरटी कार्ड योजना को लेकर उत्तराखंड की जनता में उत्साह

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रविन्द्र जुगरान ने बताया कि केजरीवाल जी द्वारा लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली प्रतिमाह, हर परिवार की घोषणा करने के बाद उत्तराखंड की जनता में बेहद उत्साह देखा जा रहा है। आप द्वारा फ्री बिजली शुरु हुए गारंटी कार्ड अभियान के तहत पिछले 7 दिन में अब तक कुल 1 लाख 39 हजार लोग अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। इन सभी लोगों को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा गारंटी कार्ड दिया जा चुका है।

### शक्ति पम्पस ने वित्त वर्ष 22 की पहली तिमाही में स्मार्ट लाभ दर्ज किया

**संवाददाता** देहरादून। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने नए वित्तीय वर्ष 2021–22 की जोरदार शुरुआत की है। क्यू1एफवाई21 में 92.20 करोड़ की तुलना में, कंपनी ने 30 जून, 2021 (अप्रैल से जून 2021) को समाप्त तिमाही के लिए 156.31 करोड़ पर समेकित शुद्ध राजस्व दर्ज किया जो कि 69.5 प्रतिशत की वृद्धि है। शक्ति पम्पस के शुद्ध लाभ ने भी स्मार्ट लाभ दर्ज किया। चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश पाटीदार ने कहा –"हमें खुशी है कि वित्त वर्ष 2021–22 की शुरुआत अच्छी हुई है।

## नगलावासियों को उजड़ने से बचाने के प्रयास करेंगेः सीएम

**स्वागत**

**संवाददाता**

देहरादून/ऊधमसिंह नगर। सीएम पुष्कर सिंह धामी नगला चौराहे पर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यहां पर सीएम ने कोर्ट के नगला से अतिक्रमण हटाने के आदेश पर कहा कि वह कोर्ट का सम्मान करते हैं। नगलावासियों को उजडने से बचाने के प्रयास करेंगे। वह नगला को नगर पंचायत बनाएंगे। इसके अलावा किच्छा विधायक के साथ पीपल चौराहे से फूलबाग तक साइकिल चलाकर टोक्यो में चल रहे ओलंपिक खिलाडियों का हौसला बढ़ाया।

■ साइकिल चलाकर ओलंपिक खिलाडियों का बढ़ाया हौसला



उन्होंने कार्यकर्ताओं में मिशन 2022 फतह करने के लिए अभी से जुट जाने का जोश भरा। इसके बाद रोड शो निकाला। रोड शो गोलगेट ओर जवाहरनगर में नहीं रुका तो नाराज कुछ लोग सीएम के विरोध में नारेबाजी करने लगे। लोग क्षेत्र की समस्याओं को सीएम से अवगत कराना चाहते थे। जवाहरनगर की प्रधान दीपा कांडपाल व उनके पति ललित कांडपाल मुख्यमंत्री को रोकने के लिए मुख्य सड़क पर बैठ गए। इससे पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन फानन पुलिस ने किसी तरह ललित कांडपाल को सड़क से जबरन हटाया। लोगों ने पर्वतीय लोगों के साथ शुरू से सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसका जवाब विधान सभा चुनाव में दिया जाएगा।

कहा कि जवाहरनगर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गांव कहा जाता है। मुख्यमंत्री व विधायक ने गांव में न रुककर ग्रामीणों का अपमान किया है। शांतिपुरी गेट पर सीएम का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद सीएम किच्छा चले गए। ग्राम कनकपुर में पहुंचे सीएम ने शहीद देव बहादुर स्मृति द्वार का शुभारंभ किया। इस दौरान शहीद के स्वजनों ने कहा कि देव बहादुर के शहीद होने के बाद राज्य सरकार ने मुआवजा देने की घोषणा की थी,मगर अभी तक नहीं मिला है। इस पर सीएम ने डीएम रंजना राजगुरु को मामले को चेक कराकर मुआवजा देने को कहा।

उन्होंने लोगों से कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों का विकास हो रहा है। कहा कि राजकीय इंटर कालेज कनकपुर का नाम शहीद देव बहादुर के नाम रखने की घोषणा की। इससे पहले सीएम व किच्छा विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ पीपल चौराहे से फूलबाग तक ओलंपिक खिलाडियों के उत्साहवर्धन के लिए साईकिल रैली निकाली।

### मीराबाई चानू की सफलता पर पूरे देश को गर्व

देहरादून। टोक्यो ओलिंपिक में महिला भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने भारत को 49 किग्रा महिला वेटलिफ्टिंग में पदक दिलाकर भारत का खाता खोला है। उन्होंने क्लीन एंड जर्क की अपनी दूसरी कोशिश में कुल 115 किग्रा वजन उठाया। उनकी इस सफलता पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत अन्य हस्तियों ने शुभकामनाएं दी हैं। रियो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके बाजपुर के ओलंपियन गुरमीत सिंह ने कहा कि मीराबाई युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। टोक्यो ओलंपिक्स में भारत का खाता खोलने वाली मीराबाई चानू पर पूरा देश गर्व कर रहा है। मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री विधायक से लेकर तमाम हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मीराबाई चानू की इस सफलता के लिए उनकी तारीफ करते हुए उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट करते हुए उन्हें जीत की बधाई दी।

## उत्तराखंड के सभी डिग्री कालेजों में एक अक्टूबर से होगी पढ़ाई

**निर्देश**

■यूजीसी गाइडलाइन के तहत एक अक्टूबर से प्रारम्भ होगा नया शैक्षणिक सत्र

**संवाददाता**



देहरादून। राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में एक सितम्बर से नए प्रवेश शुरू होंगे, जबकि एक अक्टूबर से नया शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होगा। सभी राजकीय विश्वविद्यालयों को 30 अक्टूबर तक समस्त परीक्षा परिणाम घोषित करने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए गठित टास्क फोर्स को होम वर्क शुरू करने के लिए कहा गया है। उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में आयोजित राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रथम वर्ष एवं प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश पहली सितम्बर से प्रारम्भ कर दिये जायेंगे। जबकि यूजीसी गाइडलाइन का पालन करते हुए एक अक्टूबर से नया शिक्षण सत्र शुरू करना होगा। इसी क्रम में सभी राजकीय विश्वविद्यालयों को 30 अक्टूबर तक समस्त परीक्षा परिणाम घोषित करने के निर्देश दिये गये हैं। कोविड नियमों का पालन करते हुए मेडिकल, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कालेजों को अगस्त माह में खोले जाने की मांग पर अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में राज्य में नई शिक्षा नीति लागू करने के उद्देश्य से गठित टास्क फोर्स को अभी से होम वर्क शुरू करने के निर्देश दिये गये। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में एनसीसी, एनएसएस एवं रेडक्रास सोसाइटी की ईकाइयां स्थापित करने के लिए कुलपतियों को निर्देशित किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालयों में जागरूता अभियान के अंतर्गत घटते हुए लिंगानुपात पर सेमिनार आयोजित करने, नमामि गंगे परियोजना के तहत 3–डी पेंटिंग हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करने, जल जीवन मिशन के तहत विज्ञान प्रयोगशाला प्रस्ताव भेजने के निर्देश कुलपतियों को दिये।

ब्लॉक स्तर पर सार्वजनिक पुस्तकालय खोले जाने हेतु नेशनल लाइब्रेरी कोलकता के सहयोग से सेमीनार आयोजित करने हेतु विश्वविद्यालयों को कहा गया।

### उत्तराखंड में कोरोना के 33 मामले आए सामने

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना के लिहाज से शनिवार का दिन भी राहतभरा रहा। प्रदेश में कोरोना के 33 नए मामले सामने आए और छह जिलों में बीते 24 घंटे में एक भी नया मामला दर्ज नहीं किया गया। इसके साथ ही संक्रमण दर महज 0.12 फीसद दर्ज की गई। राज्य सरकार के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक सर्वाधिक 11 हजार 313 सैंपलों की जांच की गई और महज आठ सैंपल की रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई। हालांकि, पिथौरागढ़ में 680 सैंपलों की जांच में सर्वाधिक 11 व्यक्ति पाजिटिव पाए गए। अल्मोड़ा, चमोली, चंपावत, पौड़ी, रुद्रप्रयाग व टिहरी में कोरोना का कोई नया मामला सामने नहीं आया। राहत की बात यह भी है कि बीते 24 घंटे में किसी भी कोरोना संक्रमित व्यक्ति की मौत नहीं हुई और 28 व्यक्ति कोरोना से जंग जीतकर स्वस्थ हो गए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।